>

Title: Need to include Ghatwar tribe of Jharkhand in the list of Scheduled Tribes.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से झारखंड प्रदेश में घटवार जाति जो भारत के विभिन्न राज्यों में बसती है और जिसकी संख्या 40 लाख है। घटवार जाति पिछले कई वर्षों से अपनी जाति को अनुसूचित जाति में सम्मलित करने हेतु आंदोलन व मांग करती आ रही है। वर्ष 1908 से 1938 तक घटवार जाति छोटा नागपुर-काश्तकारी अधिनियम 1908 के तहत आदिवासी सूची में 11वें स्थान पर थी, परन्तु 1938 के अपरांत इसे किस जाति और किस श्रेणी में रखा गया है यह समझ से परे है। झारखंड राज्य जिसमें घटवारों की जनसंख्या 20 लाख है, राज्य के जनजातीय कल्याण शोध संस्थान रांची के द्वारा घटवार जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मलित करने की अनुशंसा की गयी है। यह दुर्भाग्य की बात है कि सरकार द्वारा इस बारे में पुनः जांच का आदेश दे दिया गया और इसके चलते जमीन की खरीद और बिक्री के संबंध में सीएनटी एक्ट के आधार पर धारा 46 के तहत सिर्फ घटवार जाति के लोगों में आपस में ही खरीद बिक्री करने की प्रक्रिया वर्ष 1957 तक रही है। इसके बाद सरकार द्वारा इस प्रक्रिया को हटा दिया गया है।

अतः भारत सरकार से हमारा आग्रह है कि झारखंड जनजातिय कल्याण शोध संस्थान, रांची द्वारा पूर्व में अनुशंसित आलोक में चालीस लाख घटवार जनजाति के लिए अनुसूचित जनजाति में शामिल करें।